Need to establish Grain ATM-Annapurti in Anand Parliamentary Constituency, Gujarat-Laid

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) : अन्नपूर्ति - ग्रेन एटीएम एक अभिनव परियोजना है जो डिजिटल सशक्तिकरण और पारदर्शी खाद्य वितरण प्रणाली के माध्यम से किसान कल्याण को बढ़ावा देती है । इस प्रणाली के माध्यम से नागरिक बिना किसी असुविधा के सीधे और पारदर्शी तरीके से अनाज प्राप्त कर सकेंगे । यह परियोजना माननीय प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसका मुख्य लक्ष्य देश के गरीब और जरूरतमंद लोगों को सम्मानजनक तरीके से गुणवत्तापूर्ण अनाज उपलब्ध कराना है । इस ग्रेन एटीएम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए ताजा और पोषक अनाज का वितरण करेगा । अतः, मैं सरकार से विनम्र निवेदन करता हूँ कि मेरे लोकसभा मतक्षेत्र आनंद में अन्नपूर्ति अनाज एटीएम की सुविधा को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए ।